# A

ಒಟ್ಟು ಮುದ್ರಿತ ಪುಟಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 12 ]
Total No. of Printed Pages : 12 ]
ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶ್ನೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 38 ]
Total No. of Questions : 38 ]

**CCE RR**
**NCERT SYLLABUS**

Question Paper Serial No. **600**

यहाँ से काटिए

## ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : 60-H
## Code No. : 60-H

# ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ
# Subject : Third Language — HINDI

**( ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಶಾಲಾ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / Regular Repeater )**

ದಿನಾಂಕ : 01. 07. 2022 ] [ Date : 01. 07. 2022
ಸಮಯ : ಬೆಳಗ್ಗೆ 10-30 ರಿಂದ ಮಧ್ಯಾಹ–1-30 ರವರೆಗೆ ] [ Time : 10-30 A.M. to 1-30 P.M.
ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 80 ] [ Max. Marks : 80

TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER
प्रश्नपत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें

***परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :***

1. इस प्रश्नपत्र में वस्तुनिष्ठ एवं गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल 38 प्रश्न हैं ।
2. यह प्रश्नपत्र रिवर्स जैकेट द्वारा सील किया हुआ है । परीक्षा प्रारंभ होने के समय आप प्रश्नपत्र के दाएँ भाग को काटकर खोलें तथा जाँच करें कि सभी पृष्ठ अक्षुण्ण हैं ।
3. सभी वस्तुनिष्ठ तथा गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें ।
4. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं ।
5. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर में दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने का 15 मिनट भी शामिल है ।

Tear here

I. **निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प सुझाए गये हैं, उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए :** 8 × 1 = 8

1. 'कोमल' शब्द का विलोम रूप है –

(A) मधुर (B) कठोर

(C) सुन्दर (D) सुमधुर।

2. 'कामयाब' शब्द का पर्यायवाची शब्द है –

(A) सफल (B) उत्तीर्ण

(C) संभावना (D) आसान।

3. निम्नलिखित में से 'बहुवचन' शब्द है –

(A) आँख (B) फौज़

(C) दीवार (D) टुकड़े।

4. जंगल की जिंदगी बड़ी खतरनाक होती है।

वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न है –

(A) अल्प विराम (B) पूर्ण विराम

(C) प्रश्नवाचक (D) विस्मयादिबोधक।

5. 'विद्यालय' शब्द में संधि है –

(A) दीर्घ (B) वृद्धि

(C) गुण (D) यण् ।

6. 'देश-विदेश' शब्द में समास है –

(A) द्विगु समास (B) कर्मधारय समास

(C) द्वंद्व समास (D) तत्पुरुष समास।

7. निम्नलिखित में से उपसर्ग युक्त शब्द है –

(A) साहसिक (B) बेहोश

(C) चर्चित (D) शब्दहीन।

8. चींटियों ............. सुलेमान के लिए ईश्वर से दुआ की।

रिक्त स्थान में सही कारक होगा –

(A) पर (B) को

(C) ने (D) में।

II. **सही वाक्यांशों को जोड़कर लिखिए।** 4 × 1 = 4

| अ | ब |
|---|---|
| 9. बड़े भाई साहब | a) महाकवि शेख अयाज |
| 10. बाइबिल के सोलोमेन | b) विरासत में प्राप्त |
| 11. जब मैं था तब | c) दान में प्राप्त |
| 12. 1857 की तोप | d) हरि नहीं |
| | e) अध्ययनशील |
| | f) मैं नांहि |
| | g) कुरआन में सुलेमान |

III. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक पूर्ण वाक्य में लिखिए :** 4 × 1 = 4

13. तताँरा - वामीरो कहाँ की लोक कथा है ?

14. जापान के लोगों की दिमाग का तनाव क्यों बढ़ता जा रहा है ?

15. झरने किसके गौरव का गान कर रहे हैं ?

16. कवि के अभिप्राय में सर पर कफन क्यों बाँधना चाहिए ?

IV. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन पूर्ण वाक्यों में लिखिए :** $8 \times 2 = 16$

17. 26 जनवरी 1931 के दिन को अमर बनाने के लिए क्या-क्या तैयारियाँ की गईं ?

18. शुद्ध आदर्श की तुलना सोने से और व्यावहारिकता की तुलना ताँबे से क्यों की गई है ?

19. सवार के जाने के बाद कर्नल क्यों हक्का-बक्का रह गया ?

20. शाल के वृक्ष भयभीत होकर धरती में क्यों धँस गए ?

21. ''सर हिमालय का हमने न झुकने दिया'' इस पंक्ति में हिमालय किस बात का प्रतीक है ?

22. विरासत में मिली चीज़ों की बड़ी संभाल क्यों होती है ?

23. हरिहर काका को महंत और उसके भाई ने क्यों मारा-पीटा ?

**अथवा**

लेखक और हरिहर काका में उत्तम लगाव था। क्यों ?

24. इफ़्फ़न की दादी अपने पीहर क्यों जाना चाहती थीं ?

**अथवा**

टोपी ने इफ़्फ़न से दादी बदलने की बात क्यों कही ?

V. **क) निम्नलिखित के आशय स्पष्ट कीजिए :** $9 \times 3 = 27$

25. ''खुला चैलेंज देकर ऐसी सभा पहले की गई थी''।

26. ''मुट्ठी भर आदमी और दमखम''

27. चलो अभीष्ट मार्ग में सहर्ष खेलते हुए,

विपत्ति, विघ्न जो पड़ें उन्हें ढकेलते हुए।

**ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए :**

28. रूढ़ियाँ जब बंधन बन बोझ बनने लगें तब उनका टूट जाना ही अच्छा है। क्यों ? स्पष्ट कीजिए।

29. प्रकृति में आए असंतुलन का कारण और परिणाम स्पष्ट कीजिए।

30. कवि द्वारा आत्मत्राण पद्य में भगवान से किए गए प्रार्थनाओं का विवरण दीजिए।

31. मीराबाई श्याम की चाकरी क्यों करना चाहती हैं ? स्पष्ट कीजिए।

32. निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :

कस्तूरी कुंडलि बसै, मृग ढूंढ़ै बन माँहि।
ऐसैं घटि घटि राँम है, दुनियाँ देखै नाँहि।।

33. गद्यांश का अनुवाद कन्नड या अंग्रेजी में कीजिए :

सुमित्रानंदन पंत का जन्म सन् 1900 को उत्तराखंड में हुआ। उन्होंने बचपन से ही कविता लिखना शुरू कर दिया। ये हिन्दी के पहले ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त कवि हैं।

VI. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच-छः वाक्यों में लिखिए :** 2 × 4 = 8

34. बड़े भाई की स्वभावगत विशेषताएँ बताइए।

**अथवा**

छोटे भाई के मन में बड़े भाई साहब के प्रति श्रद्धा क्यों उत्पन्न हुई ? स्पष्ट कीजिए।

35. निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए :

सारे शीतल ..........................................

..........................................................

..........................................................

.............................................. तुझ में मिल !

VII. 36. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** 4 × 1 = 4

विक्रम साराभाई के अबोध मन में बचपन से ही कीर्ति प्राप्त करने की लालसा और महत्वाकांक्षा विद्यमान थी। पाँच-छह वर्ष की वय में उन्हें एक बार शिमला अपने परिवार के साथ जाने का अवसर प्राप्त हुआ था। जब उन्होंने देखा कि उनके पिता के नाम ढेर सारे पत्र प्राप्त होते हैं, तो उनके मन में यह इच्छा उत्पन्न हुई कि उनके

नाम भी इसी प्रकार अनेक पत्र प्राप्त हों। इस इच्छा से प्रेरित होकर बालक विक्रम ने कुछ खाली लिफाफों पर टिकट चिपकाए और उनपर नाम तथा पता लिखकर डाकघर में डाल दिया। अब विक्रम के नाम से भी पत्र आने लगे। विक्रम को बचपन से ही साहसिक कार्य पसंद थे।

**प्रश्न :**

अ) विक्रम साराभाई के अबोध मन में कैसी महत्वाकांक्षा विद्यमान थी ?

आ) पाँच-छह वर्ष की वय में उन्हें कैसा अवसर प्राप्त हुआ ?

इ) बालक विक्रम के मन में कैसी इच्छा उत्पन्न हुई ?

ई) विक्रम को बचपन से कैसे कार्य पसंद थे ?

VIII. 37. **दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 12 - 15 वाक्यों में किसी एक विषय के बारे में निबंध लिखिए :** 1 × 4 = 4

**क) स्वतंत्रता दिवस का समारोह**

* प्रस्तावना
* ऐतिहासिक महत्व
* आचरण
* उपसंहार।

**ख) इंटरनेट : एक वरदान**

✳ अर्थ

✳ उपयोग

✳ लाभ

✳ उपसंहार।

**ग) जनसंख्या की समस्या**

✳ जनसंख्या वृद्धि के कारण

✳ परिणाम

✳ उपचार

✳ उपसंहार

IX. **निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए :** 1 × 5 = 5

38. अपने भाई की शादी का कारण बताते हुए प्रधानाध्यापक के नाम छुट्टी पत्र लिखिए।

**अथवा**

शैक्षिक प्रवास के लिए पिता से 2,000 रुपये और अनुमति माँगते हुए एक पत्र लिखिए।